सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 145 | इंदौर, मंगलवार 10 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# एमपी में बर्फीली हवा से बढ़ी ठिठुरन

## भोपाल-इंदौर समेत कई शहरों में पारा 10° से नीचे; कल से तीन दिन कोल्ड वेव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। बर्फीली हवाओं की वजह से मध्यप्रदेश में ठिठुरन बढ़ गई है। इससे भोपाल, इंदौर-ग्वालियर समेत प्रदेश के कई शहरों में रात का टेम्प्रेचर 10 डिग्री से नीचे है। पचमढ़ी में पारा सबसे कम है। अगले 24 घंटे में टेम्प्रेचर और भी लुढ़केगा। वहीं, 11 दिसंबर से प्रदेश में कोल्ड वेव यानी, सर्द हवाएं भी चलने लगेगी। सोमवार को भोपाल, इंदौर समेत कई शहरों में दिन के पारे में 2 से 4 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई।**

मौसम विभाग ने 11, 12 और 13 दिसंबर को धार, गुना-अशोकनगर में कोल्ड वेव चलने का अलर्ट जारी किया है। आम तौर पर दिसंबर के आखिरी सप्ताह में कोल्ड वेव चलती है, लेकिन जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख में बर्फ गिरने से सर्दी बढ़ी है। जेट स्ट्रीम हवाएं 12.6 किमी ऊंचाई पर 277 किमी प्रतिघंटा के हिसाब से चल रही है। इससे एमपी में भी ठिठुरन है। आने वाले दिनों में हवा की ऊंचाई कम हो जाएगी। जिससे पूरे प्रदेश में सर्दी का असर बढ़ जाएगा। इससे पहले रविवार को मंडला, बालाघाट, डिंडौरी और अनूपपुर जिलों में हल्की बारिश भी हो चुकी है।

### अगले 48 घंटे में ऐसा रहेगा मौसम

अगले 48 घंटे के दौरान दिन-रात के तापमान में गिरावट हो सकती है। खासकर रात में पारा 2-3 डिग्री तक लुढ़क सकता है। इससे कई शहरों में टेम्प्रेचर 10 डिग्री के नीचे पहुंच जाएगा।

### उत्तरी हिस्से में सबसे ज्यादा असर

बर्फीली हवाओं का सबसे ज्यादा असर उत्तरी हिस्से में रहेगा। इनमें ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग के जिले शामिल हैं।

### बर्फीली हवाओं से ठिठुरा एमपी

बर्फीली हवाओं की वजह से पूरा मध्यप्रदेश ठिठुर गया है। सोमवार - मंगलवार की रात में प्रदेश के सभी शहरों में तापमान में गिरावट हुई। सबसे ठंडा पचमढ़ी रहा। यहां 5.5 डिग्री की गिरावट के बाद तापमान 3.5 डिग्री पर आ गया। भोपाल में 4.5 डिग्री की गिरावट हुई और तापमान 7.8 डिग्री दर्ज किया गया। इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर में भी खासी गिरावट हुई है। रात में इंदौर में 8.7 डिग्री, ग्वालियर में 8.5 डिग्री, उज्जैन में 10 डिग्री और जबलपुर में 7 डिग्री तापमान रहा। इसी तरह रायसेन, राजगढ़, नौगांव, उमरिया ऐसे शहर रहे, जहां पारा 7 डिग्री से नीचे रहा।

### भोपाल में 4.4 डिग्री लुढ़का दिन का पारा

सर्द हवाओं की वजह से प्रदेश के कई शहरों में सोमवार को दिन के तापमान में खासी गिरावट हुई। भोपाल में 4.4 डिग्री की गिरावट के बाद पारा 23.4 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। इंदौर में भी 4.6 डिग्री पारा नीचे चला गया। इससे यह 22.9 डिग्री



दर्ज किया गया। ग्वालियर में 24.8 डिग्री, उज्जैन में 24.5 डिग्री और जबलपुर में 26.4 डिग्री रहा। वहीं, बैतूल में 23.5 डिग्री, गुना में 24.7 डिग्री, पचमढ़ी में 20.8 डिग्री, रायसेन में 23.2 डिग्री, रतलाम में 25.5 डिग्री, शिवपुरी में 24.2 डिग्री, नौगांव में 25.2 डिग्री, रीवा में 26.2 डिग्री, सागर में 26.4 डिग्री, सतना में 26.7 डिग्री, सिवनी में 26 डिग्री, सीधी में 24.6 डिग्री, टीकमगढ़ में 26 डिग्री, उमरिया में 26.3 डिग्री और मजालखंड में पारा 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### दूसरे पखवाड़े में सबसे ज्यादा ठंड

मौसम विभाग के अनुसार, दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में सबसे ज्यादा ठंड पड़ेगी। कड़ाके की ठंड का यह दौर जनवरी तक बना रहेगा। इन्हीं 40 दिनों में 20 से 22 दिन कोल्ड वेव यानी, सर्द हवाएं की भी चल सकती है। हालांकि, दिसंबर के पहले ही पखवाड़े में सर्द हवाएं चलने का अलर्ट है। इस बार सबसे ज्यादा ठंड उज्जैन, ग्वालियर-चंबल संभाग में रहेगी। वजह बर्फीली हवाएं सीधे आना है।

वर्ष 2014 से 2023 तक के ट्रेंड पर नजर डाली जाए तो भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत प्रदेश के अन्य शहरों में दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में ही कड़ाके की ठंड पड़ना शुरू होती है। इन पांच बड़े शहरों में पारे में सबसे ज्यादा गिरावट ग्वालियर में होती है। पिछले 10 साल में एक बार टेम्प्रेचर 1.8 डिग्री तक पहुंच चुका है। जबलपुर में यह 4.4 डिग्री और उज्जैन में 2.5 डिग्री तक रहा है। भोपाल और इंदौर में भी टेम्प्रेचर 5 डिग्री से नीचे रहे हैं।

### नवंबर में सर्दी तोड़ चुकी रिकॉर्ड

बता दें कि नवंबर में सर्दी रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। भोपाल में तो 36 साल का रिकॉर्ट टूटा है। इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर में भी पारा सामान्य से 7 डिग्री तक नीचे रहा, लेकिन कड़ाके की ठंड दिसंबर में पड़ेगी। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, इस बार ग्वालियर, उज्जैन और चंबल संभाग सबसे ज्यादा ठिठुरेंगे। यहां कोल्ड वेव यानी सर्द हवाएं भी चलेंगी।

### MP के 5 बड़े शहरों में दिसंबर में ऐसा ट्रेंड...

**भोपाल में 3.1 डिग्री रिकॉर्ड हो चुका टेम्प्रेचर-** भोपाल में दिन-रात ठंड और बारिश का ट्रेंड रहा है। 10 में से पिछले 5 साल से भोपाल दिसंबर में भीग रहा है। आधा से पौन इंच तक बारिश हो गई। इस बार भी बारिश होने के आसार हैं। दिसंबर में ठंड की बात करें तो 11 दिसंबर 1966 की रात में पारा 3.1 डिग्री पहुंच गया था। यह अब तक का ओवरऑल रिकॉर्ड है। 3 साल पहले 2021 में पारा 3.4 डिग्री पहुंच चुका है।

**इंदौर में 5 से 8 डिग्री के बीच रहा है पारा-** इंदौर में दिसंबर में रात का तापमान 5 से 8 डिग्री के बीच रहता है। पिछले साल तापमान 10.1 डिग्री तक पहुंच गया था। 10 साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो दिन में पारा 28 से 31 डिग्री के बीच ही रहता है। इस महीने इंदौर में बारिश भी होती है। पिछले 4 साल से बारिश हो रही है।

31 दिसंबर 2015 को दिन का सर्वाधिक तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया था। 27 दिसंबर 1936 की रात में टेम्प्रेचर 1.1 डिग्री रहा था। सर्वाधिक कुल मासिक बारिश वर्ष 1967 को 108.5 मिमी यानी 4.2 इंच हुई थी। 24 घंटे में सर्वाधिक 53 मिमी यानी 2.1 इंच बारिश 17 दिसंबर 2009 को हुई थी।

**ग्वालियर में सबसे ज्यादा सर्दी-** ग्वालियर में दिन में गर्मी तो रात में ठंड रहती है। पिछले 10 साल में यहां अधिकतम तापमान 26.2 से 31.6 डिग्री तक रह चुका है। वहीं, रात में पारा 1.8 से 6.9 डिग्री दर्ज किया गया। 6 दिसंबर 2006 को दिन का तापमान 32.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। 26 दिसंबर 1961 को न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री पहुंचा था। वर्ष 1997 में कुल मासिक बारिश 106.6 मिमी यानी 4.1 इंच हुई थी। 24 घंटे में सर्वाधिक बारिश 13 दिसंबर 2013 को 32.1 मिमी यानी 1.2 इंच हुई थी।

**जबलपुर में रात का तापमान 0.6 डिग्री तक पहुंच चुका है-** जबलपुर में दिसंबर में बारिश होने का भी ट्रेंड है। 28 दिसंबर 1960 को दिन का तापमान 33.2 डिग्री पहुंच चुका है। 28 दिसंबर 1902 की रात का तापमान 0.6 डिग्री रहा था। यह ओवरऑल रिकॉर्ड है। वर्ष 1885 को सर्वाधिक मासिक बारिश 125 मिमी यानी 4.9 इंच हुई थी। 24 घंटे में सर्वाधिक बारिश का रिकॉर्ड 68.1 मिमी यानी 2.6 इंच 16 दिसंबर 1885 को हुई थी।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार, मुस्लिम समुदाय ने जताया विरोध

## कहा- अत्याचार रोकने के लिए ठोस कार्रवाई हो, इंदौर में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने सौंपा ज्ञापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, मध्य प्रदेश ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में इंदौर में कमिश्नर को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।**

इस दौरान मंच के सदस्यों ने 'बांग्लादेश मुदार्बाद' के नारे लगाए और इन घटनाओं की कड़ी निंदा की। ज्ञापन में भारत सरकार से मांग की गई कि वह बांग्लादेश में एक प्रतिनिधिमंडल भेजकर हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचारों की निंदा करते हुए कहा कि भारत सरकार को इस मुद्दे को कूटनीतिक स्तर पर गंभीरता से उठाना चाहिए। साथ ही अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को बंद कराने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर दबाव बनाना चाहिए।

### तख्ता पलट के बाद बांग्लादेश में अत्याचार बढ़ें

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश संयोजक मोहम्मद फारुख खान ने कहा कि 'बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन हैं और इन्हें तुरंत रोका जाना चाहिए। तख्तापलट के बाद इन घटनाओं में तेजी आई है, जो चिंताजनक है। ज्ञापन देने के दौरान मुस्लिम समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और उन्होंने अपनी एकता और सौहार्द का परिचय दिया। मंच से यह भी कहा गया कि घटना का पूरे देश का मुस्लिम समुदाय विरोध करता है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद अत्याचार में बढ़ोतरी हुई है।

# उज्जैन, खंडवा, छिंदवाड़ा सहित मप्र के सात जिलों में शुरु होगी हवाई सेवा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के उज्जैन, छिंदवाड़ा सहित सात जिलों में भी अब फ्लाइट शुरू की जाएगी। रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम 'उड़ान' के तहत इन शहरों में हवाई सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार ने प्रस्ताव बनाकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय को भेजा है। इस मंत्रालय के तहत एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया (एएआइ) मध्य प्रदेश के उज्जैन, छिंदवाड़ा, नीमच, शहडोल, शिवपुरी, खंडवा के लिए फ्लाइट शुरू करने की स्वीकृति देगा। दतिया को लेकर पहले ही समझौता हो चुका है। स्वीकृति मिलते ही इन शहरों को भी हवाई सेवा से जोड़ा जाएगा। वर्तमान में भारत सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी योजना में ग्वालियर से बेंगलुरु, कोलकाता, जम्मू तथा हैदराबाद रूट पर विमान सेवा संचालित हो रही है। साथ ही बिलासपुर रूट पर भी हवाई सेवा संचालित हो रही है। राज्य सरकार देश के अन्य स्थानों को भी वायुसेवा से जोड़ने के लगातार प्रयास कर रही है।

## इल्तिजा मुफ्ती के विवादित बयान पर भड़की पूर्व मंत्री ठाकुर

# बोली- हर हिंदू अपने घर में एक डंडा-बंदूक और 2 तलवार रखें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती के हिंदुत्व पर दिए बयान ने सियासी हलचल मचा दी है। इल्तिजा ने अपने बयान में हिंदुत्व को एक बीमारी बताते हुए कहा था कि यह भारतीय समाज को बीमार कर रहा है और भगवान के नाम को कलंकित कर रहा है। उन्होंने कहा कि जय श्री राम का नारा अब रामराज्य के लिए नहीं, बल्कि भीड़ द्वारा हिंसा करने के दौरान इस्तेमाल होता है।**

इस बयान पर इंदौर में भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री उषा ठाकुर ने तीखी प्रतिक्रिया दी। ठाकुर ने कहा, 'इल्तिजा ना तो हिंदुत्व के बारे में जानती हैं और ना ही राम के बारे में। भगवान राम तो राष्ट्र के पर्याय हैं। ऐसे विचार रखना राष्ट्रद्रोह का परिचय है। जम्मू-कश्मीर ही नहीं, पूरे विश्व में राम के आदर्शों की पाठशाला होनी चाहिए।'

**सनातन संस्कृति को शस्त्रयुक्त बनाने का आह्वान-** इंदौर में उषा ठाकुर ने आगे कहा कि सनातन के साथ संकल्प हर सनातनी परिवार का हिस्सा होना चाहिए। हमारे परिवार शास्त्रमय, शस्त्रमय, नशामुक्त पीढ़ी और संख्या में संपन्न परिवार बनें, तभी हम 2047 का स्वर्णिम भारत बना पाएंगे। उषा ठाकुर ने हिंदू परिवारों से शस्त्र धारण करने का आह्वान करते हुए कहा, 'हर सनातनी परिवार को शास्त्र और शस्त्र दोनों में निपुण होना चाहिए। हमारे देवी-देवता भी शस्त्रयुक्त हैं। हर घर में एक बड़ा डंडा और दो तलवारें होनी चाहिए। अगर आप रिवॉल्वर का लाइसेंस ले सकते हैं, तो जरूर लें। अपने परिवार और समाज की सुरक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

### समय-सीमा में सीमांकन नहीं करने पर ...

# कलेक्टर ने 12 अधिकारियों पर लगाई पेनल्टी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। कलेक्टर आशीष सिंह ने समय-सीमा में सीमांकन नहीं करने पर 12 अधिकारियों के विरूद्ध पेनल्टी लगाई है। उन्होंने यह कार्यवाही आज समय-सीमा (टीएल बैठक) में समीक्षा के दौरान उक्त लापरवाही पाये जाने पर की है। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। समय-सीमा में प्रकरण निराकृत नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने उक्त कार्यवाही नायब तहसीलदार सिमरोल, तहसीलदार सांवेर, तहसीलदार देपालपुर, नायब तहसीलदार जूनी इंदौर, नायब तहसीलदार बेटमा, अतिरिक्त तहसीलदार राऊ, तहसीलदार खुड़ैल, तहसीलदार बिचोली हप्सी, तहसीलदार मल्हारगंज, नायब तहसीलदार खुड़ैल, नायब तहसीलदार बिचोली हप्सी और नायब तहसीलदार मानपुर के विरूद्ध की है। इसी तरह कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को भी समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि 50 दिन से अधिक के अवधि के लंबित प्रकरणों का निराकरण अगले सात दिनों में शिविर लगाकर किया जाये।

## शासकीय स्कूलों में 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की अर्द्ध वार्षिक परीक्षाएं प्रारम्भ

**इंदौर।** जिले के शासकीय स्कूलों में आज से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की अर्द्ध वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हुई। शासकीय पीएमश्री अहिल्याश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 के प्राचार्य श्री दीपक हलवे ने बताया कि प्रतिदिन दो सत्रों में परीक्षाएं आयोजित होंगी। इन परीक्षाओं में विद्यार्थियों को प्राप्त होने वाले प्राप्तांक अनुपातिक रूप से विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा के प्राप्त प्राप्तांकों में जोड़कर वार्षिक परीक्षा का परीक्षाफल घोषित किया जाएगा।

# अभिनव कला समाज मे हुआ पुस्तक विमोचन का कार्यक्रम..

## दादू महाराज ने कहा की पुस्तक प्रकाशन साहसिक कार्य हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आज के इस दौर में पुस्तके पढ़ने के लिए अधिकतर लोग समय निकालते ही नहीं है उसमे पुस्तक लिखना और प्रकाशित करवाना वाकई साहस का कार्य है और प्रशंसा का कार्य भी है यह कहना है शनि साधक राष्ट्र संत दादू महाराज जी का वे संगीत गुरु पंडित मोहन शर्मा द्वारा लिखी पुस्तक '''संगीत का सफर,,,सृष्टि के आरंभ से आज तक'''' के विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संगीत प्रेमियों को संबोधित कर रहे थे।सांसद शंकर लालवानी ने पुस्तक विमोचन के लिए अपनी शुभ कामनाएं दी,, स्टेट प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल ने पुस्तक समीक्षा करते हुए अनेक बातो को सामने रखा।अन्य अतिथियों ने कहा कि अभिनव कला समाज संगीत की सभी विधाओं समेत इंदौर की सांस्कृतिक गतिविधियों का भी गवाह रहा है। पं. मोहन शर्मा एक निष्णात गायक एवं संगीत गुरु है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महामंडलेश्वर दादू महाराज गजासीन शनिधाम, इंदौर



सांसद श्री शंकर लालवानी, गौरव रणदिवे, चिंटू वर्मा, सौना मल्होत्रा, सचिन नीमा (पत्रकार ),उमेश पांडे ,रूपेश वर्मा आदि उपस्थित थे। पुस्तक पर चर्चा भी हुई और संगीत के इतिहास के सार को आज की पीढ़ी के लिए बेहद उपयोगी बताया गया। संचालन और किताब पर चर्चा डॉ. जावेद अहमद खान ने की । इस अवसर पर संस्था नाद-ब्रह्म के गीत और भजनों की प्रस्तुति नेहा आचार्य, निधि शर्मा, सोनू नामदेव और संस्था के विद्यार्थियों ने दी।अतिथियों का स्वागत अंशुल आचार्य, सर्वेश शर्मा, सुरेश वर्मा बंजारिया ने किया अंत में आभार हेमलता शर्मा ने माना।आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन,माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर के हुआ।

## दादू महाराज का किया स्वागत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अभिनव कला समाज के आयोजन में पधारे प्रसिद्ध शनि उपासक राष्ट्र संत महामंडलेश्वर 1008 श्री दादू महाराज का संस्था 'आदित्य'क़े संयोजक सचिन नीमा ने केशरिया उपरना ओढा कर स्वागत किया इस अवसर पर स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री प्रवीण खारीवाल ,सुरेश वर्मा बंजरिया,उमेश पांडे,रूपेश वर्मा आदि मौजूद थे।

### कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

# 14 दिसंबर को इंदौर सराफा एसोसिएशन के चुनाव

## प्रत्याशियों का व्यापार बढ़ाने और ग्राहकों की सुविधा पर जोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **सराफा बाजार में एसोसिएशन के चुनाव आगामी 14 दिसंबर को होने वाले हैं। चुनाव को लेकर सराफा बाजार में सरगर्मी बढ़ गई है। बाजार में एक पैनल के साथ निर्दलीय उम्मीदवारों ने व्यापारियों से जनसंपर्क तेज कर दिया है। उम्मीदवारों का जनसंपर्क मतदान के दौरान भी जारी रहेगा। सोमवार नाम वापसी का अंतिम दिन है।**

वर्तमान सचिव अविनाश शास्त्री और प्रचार मंत्री अजय लाहोटी के अनुसार मतदान शनिवार को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक छोटा सराफा स्थित गीतांजलि प्लाजा में होगा। इसी दिन शाम 5.30 बजे से मतगणना शुरू होगी और रात तक परिणाम घोषित होंगे। इसमें 11 कार्यकारिणी सदस्यों के लिए चुनाव होगा। ये 11 विजयी प्रत्याशियों में से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री, सह-मंत्री और प्रचार मंत्री को चुनेंगे। इसमें सराफा विकास पैनल के 11 प्रत्याशी और 16 सदस्य स्वतंत्र चुनाव लड़ रहे हैं। कुल 880 व्यापारी अपने मतदान का उपयोग करेंगे। इस बार मतदान प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। हर एक मतदाता व्यापारी को 11 वोट डालना अनिवार्य होगा। 11 से कम या ज्यादा मत डालने पर मतपत्र निरस्त हो जाएगा। इंदौर चांदी-सोना जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन के चुनाव हर 3 साल में होते हैं। पूर्व अध्यक्ष हुकुम सोनी पांच बार सबसे ज्यादा बार अध्यक्ष पद चुने गए हैं।

### ये हैं चुनाव के प्रमुख मुद्दे

पूर्व अध्यक्ष व प्रत्याशी बसंत सोनी और सचिव शास्त्री के अनुसार सराफा बाजार में ग्राहकी को बढ़ावा देना। एमजी रोड और नंदानगर में नए सराफा से प्रतिस्पर्धा से निपटने के लिए ग्राहकों के लिए पार्किंग के उचित व्यवस्था करना। ग्राहकों को इन बाजारों के मुकाबले ज्यादा से ज्यादा डिजाइन सराफा बाजार में मिलती हैं। हमारे बाजार में उचित मूल्य पर सोने और चांदी के आभूषण मिलते हैं। किसी भी साथी व्यापारी पर आपत्ति-विपत्ति आने पर एसोसिएशन मदद के लिए तुरंत पहुंचाता है। सराफा एसोसिएशन द्वारा संचालित तोल कांटा उस पर 1 मिलीग्राम का भी तोल होता है।

# रेस्टोरेंट में विवाद, कांग्रेस की पार्षद-पति को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विजय नगर में सोमवार रात वार्ड 46 से कांग्रेस की पार्षद और उनके पति के साथ मारपीट हो गई। दोनों रेस्टोरेंट में खाना खाने गए थे। इस दौरान नजदीक की टेबल पर बैठे तीन युवक और युवती ने उनके साथ मारपीट की। बाद में वह थाने पहुंची और आरोपियों पर केस दर्ज कराया।**

विजय नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना स्कीम नंबर 54 के गुरू कृपा रेस्टोरेंट की है। यहां पर शेफू पति आकाश कुशवाह निवासी सोमनाथ की चाल अपने पति और बच्चे के साथ रात में करीब 11 बजे खाना खाने पहुंची थी। नजदीक की टेबल पर तीन लडके और एक लडकी बैठे थे। चारों मोबाइल पर किसी से अपशब्दों का उपयोग कर बात कर रहे थे।

शेफू कुशवाह और उनके पति आकाश ने चारों को अपशब्दों के इस्तेमाल पर टोका और कहा कि यहां पर इस तरह की भाषा का उपयोग ना करें। इस बात पर वह नाराज हो गए और उन्होंने महिला पार्षद और उनके पति को अपशब्द कहना शुरू कर दिए। इसके बाद चारों ने पार्षद और उनके पति के साथ मारपीट कर दी। होटल स्टाफ ने बीच-बचाव किया। होटल में भीड़ होने के चलते आरोपी वहां से जान से मारने की धमकी देकर चले गए। आरोपी रेस्टोरेंट के बाहर बाइक छोडक़र गए हैं। पुलिस बाइक थाने ले गई है। रात में महिला पार्षद अपने पति के साथ थाने पहुंची और केस दर्ज कराया। पुलिस मामले में आरोपियों की पहचान में जुटी है।

इस मामले में पार्षद के पति आकाश कुशवाह ने कहा, रात में पत्नी शेफू और बच्चों के साथ खाना खा रहे थे। पास की टेबल पर बैठे युवक-युवती अपशब्दों का प्रयोग कर रहे थे। उन्हें मना किया तो आरोपियों ने मुझ से हाथा पाई की। इसके बाद होटल का स्टाफ आया और उन्हें अलग किया। करीब 10 मिनट बाद वह यहां से चले गए। बाद में पुलिस को जानकारी दी। थाने में जाकर केस दर्ज कराया है।

# युगपुरुष धाम आश्रम में 11 साल के दिव्यांग बच्चे की मौत

### 6 साल से बिस्तर पर था, फिट्स का चल रहा था इलाज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर** । इंदौर के युग पुरुष आश्रम में मंगलवार को एक 11 वर्षीय दिव्यांग बालक की मौत हो गई। वह करीब छह साल से आश्रम में ही था और बीमार रहने के कारण बिस्तर पर ही था। कई दिनों से उसका फिट्स का इलाज चल रहा था।

आश्रम संचालिका अनिता शर्मा ने बताया कि उसे 2019 में प्रवेश दिया गया था। मंगलवार सुबह फिट्स आने से उसकी हालत और बिगड़ी। उसे हॉस्पिटल ले जाया गया जहां मृत घोषित किया गया। इसकी सूचना बाल कल्याण समिति को दे दी गई है।

इसके पूर्व पिछले माह आश्रम में एक 11 साल की बच्ची की मौत हो गई। वह मानसिक रूप से बीमार थी। उसे मिर्गी भी की बीमारी थी। बालिका होशंगाबाद के रहने वाली थी। दो साल पहले बाल कल्याण समिति द्वारा युग पुरुष धाम में लाया गया था।

### जवानों का फिटनेस व मनोबल बढ़ाने के लिए ...

# पुलिस की जनरल परेड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस की कार्यप्रणाली को और सुदृढ़ एवं प्रभावशाली बनाने एवं पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों में अनुशासन एवं उनका फिटनेस व मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से, डीजीपी के निर्देशानुसार, कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में नगरीय पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए रक्षित केन्द्र इन्दौर में आज जनरल परेड का आयोजन किया गया।**

उक्त जनरल परेड की सलामी अति. पुलिस उपायुक्त जोन-03 इंदौर रामस्नेही मिश्रा द्वारा ली गयी। जिसमें सहायक पुलिस आयुक्तगण, थानों के थाना प्रभारीगण, रक्षित निरीक्षक, सूबेदारों सहित विभिन्न पुलिस थानों व यातायात एवं रक्षित केन्द्र के करीब 350 पुलिस अधिकारी/ कर्मचारीगण इसमें शामिल हुए। इस दौरान परेड में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों सहित थाना प्रभारियों ने भी स्कॉट ड्रिल, कदमताल आदि का अभ्यास किया गया। अति. पुलिस उपायुक्त जोन-03 द्वारा परेड का अवलोकन किया गया और उपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियों की वेशभूषा आदि को चैक किया गया, इस दौरान अच्छी, व्यवस्थित व साफ सुथरी वेशभूषा वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया गया एवं अव्यवस्थित व खराब वेशभूषा वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को चेतावनी दी गयी। उक्त जनरल परेड का आयोजन हर मंगलवार व शुक्रवार को किया जाएगा, जिसमे जोन वाइज डीसीपी द्वारा निम्नानुसार परेड का निरीक्षण किया जाएगा।

# मोबाइल लूटने वाले गिरोह के सदस्य गिरफ्त में

### पांच सदस्यों में से दो नाबालिग भी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भंवरकुआ पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग करने वाली शातिर मोबाइल लुटेरों की गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 37 मोबाइल तथा दो चोरी की बाइक भी बरामद हुई है। आरोपियों में दो नाबालिग भी शामिल हैं। आरोपियों से अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है।**

6 दिसंबर की शाम को भंवरकुआ इलाके में सॉफ्टवेयर इंजनियर के साथ आईटीपार्क चौराहा पर झपट्टामारकर मोबाईल ले जाने की वारदात में पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु की। क्षेत्र में मोबाइल स्नेचिंग की वारदातों के आरोपियों का पता लगाने के लिए एक टीम गठित की गई । पुलिस टीम ने स्नैचिंग किये मोबाईल व घटना में आये हुलिए के बदमाशो की तलाश में घटना स्थल पर आने जाने वालो समस्त रास्तो के सैकड़ो सीसीटीवी कैमरो को खंगाला। मुखबिरों को भी सक्रिय किया गया। पुलिस को पता चला कि आईटी पार्क चौराहा व आसपास के क्षेत्र में मोबाईल झपटकर ले जाने बदमाश मोबाईल झपटने की नियत से घूम रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध हालातों में घूम रहे बदमाशों को पकड़ा। इनके नाम अमन लालवानी उम्र 19 साल निवासी मोरटका जिला खंडवा, रवि छावड़े उम्र 22 साल निवासी मोरटका जिला खंडवा, रोशन जाधव उम. 18 साल निवासी दूधिया थाना खुडेल एवं दो नाबालिग बताए गए हैं। आरोपियों से विस्तृत पूछताछ करने पर खण्डवा रोड ,पिपलियाराव, रिंग रोड व तीन ईमली, नेमावर रोड सहित आसपास के क्षेत्र से झपट्टामारी कर ले गये 37 मोबाईल विभिन्न कम्पनियों के तथा घटना में प्रयुक्त दो चोरी की बाइक भी जब्त की गई। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। कई वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

# बच्चों के झगड़े में समझाया तो कर दिया हमला, तीन घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तिलक नगर इलाके में रविवार देर रात दो सगे भाई और उनके दोस्त पर एक परिवार के लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि बच्चों के विवाद में वह समझाइश दे रहे थे। इस पर आरोपी नाराज हो गए और हमला कर दिया। सभी को उपचार के लिए सुयश अस्पताल में भर्ती कराया गया।**

पुलिस ने देवेस वैष्णव निवासी तिलक नगर की शिकायत पर गोलू खलीफा, रोहित उर्फ मुन्नू, दुर्गा और उसका बेटा एवं एक अन्य आरोपी पर चाकूबाजी और जानलेवा हमले का केस दर्ज किया है। सुयश अस्पताल में पुलिस ने देवेस से देर रात बयान लिए। देवेस ने बताया कि, वह एग्जीबिशन में जॉब करता है। रात को करीब 11:30 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी छोटे बच्चों की लड़ाई हो रही थी। उन बच्चों को समझाइश दी और कहा कि अपने घर चले जाओ। इस बात पर आरोपी नाराज हो गए। वह सामने के किराना दुकान के यहां पर इकट्ठा हो गए। सभी वहां से अपशब्द कहते हुए घर की तरफ आने लगे। जिसमें रोहित, दुर्गा और उसके बेटे ने पेट, सीने, दोनों पैर और पीठ पर चाकू मारे। इस दौरान वह चिल्लाते हुए मदद मांगने लगा। जमीन पर गिर गया। तब घर से दौड़ते हुए भाई जय वैष्णव मदद के लिए बाहर आया। इन लोगों ने जय को भी पैर में चाकू मार दिए। इस दौरान दोस्त तनिष्क वहां पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी घेर लिया और उस पर भी चाकू और डंडे से हमला कर दिया। तीनों सडक़ पर लहूलुहान हालत में गिर गए। इस दौरान आरोपी वहां से भाग गए। बाद में परिजन सभी को नजदीक के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। देवेस का आईसीयू में उपचार चल रहा है।

# ट्रेक्टर चुराने वाला गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** घर से सामने से ट्रेक्टर ट्राली चुराने वाले बदमाश को पुलिस ने मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया है। राऊ थाने में 4 दिसम्बर को भरत पिता विष्णुप्रसाद पाटीदार निवासी श्रमिक कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि रात साढ़े 8 बजे ट्रेक्टर ट्राली घर के बाहर खड़ी की थी, जिसे अज्ञात बदमाश चुरा ले गए। मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाश पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने करीब डेढ़ सौ कैमरे के फुटेज चेक कर विजय पिता प्रेमनारायण शर्मा निवासी साई बाबा कालोनी थाना द्वारकापुरी को पकड़ा।

# महिला से अश्लील हरकत, मारपीट

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, इंदौर।** परदेशीपुरा में रहने वाली एक महिला के साथ पड़ोस में रहने वाले युवक ने अश्लील हरकत की। महिला को धमका कर उसके साथ मारपीट भी की और शराब पीने के लिए रुपए भी मांगे। पुलिस ने इस मामले में युवक पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने 40 साल की महिला की शिकायत पर लखन उर्फ लक्खा, पर अभद्रता, मारपीट और अड़ी बाजी के मामले में केस दर्ज किया है। महिला ने बताया कि रविवार रात करीब 10 बजे वह अपने घर के बाहर सूख रहे कपड़े लेने गई थी। इस दौरान आरोपी लखन वहां पर आया। उसने अश्लील हरकत की। इसके बाद कहने लगा कि भाभी शराब पीना है, रुपए दे दो। महिला पीछे हटी और उसे जाने के लिए कहा तो आरोपी अपशब्द कहते हुए मारपीट करने लगा। महिला चिल्लाई तो आसपास के लोग आ गए। उन्होंने लखन से उसे छुडाया। इसके बाद आरोपी वहां से जाने लगा। उसने धमकी दी कि वह उसे नहीं छोड़ेगा। बाद में महिला ने परिवार को जानकारी दी। रात में थाने जाकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया।

# नगर निगम कर्मचारियों से भिड़ा पशु पालक

### आवारा पशु पकड़ने वाली गैंग से की हुज्जत, मवेशी छुड़ा ले गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम के कर्मचारियों से मारपीट कर मवेशी छुड़ा ले जाने के मामले में पुलिस ने पशु पालक के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने और अभद्रता का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी गाड़ी में बैठे कर्मचारी से विवाद कर अपनी गाय छुड़ा ली। पुलिस अब आरोपी की तलाश कर रही है।**

रावजी बाजार पुलिस के अनुसार राहुल पुत्र नरेन्द्र सिंह की शिकायत पर हिमांशु पुत्र राजेन्द्र यादव पर शासकीय कार्य में बाधा डालने, मारपीट कर धमकाने का केस दर्ज किया गया है। राहुल ने बताया कि वह आवारा मवेशी पकडऩे वाली गैंग के सुपरवाइजर के पद पर काम करते हैं। अपने साथी अनिल शर्मा, गिरीश आदिवाल, मनोहर कौशल, शैलेन्द्र यादव, रतन कौशल, सोनू चौहान व अन्य कर्मचारियों के साथ चंद्रभागा से जूनी इंदौर के बीच आवारा पशुओं को पकडऩे का काम कर रहे थे।

इस दौरान गणेश मंदिर के यहां एक मवेशी को पकडक़र ट्राले में चढ़ाया गया। इसके बाद अन्य कर्मचारी आसपास आवारा पशुओं को देखने चले गए। इस बीच ट्राले के ड्राइवर के साथ सोनू चौहान ट्राले पर मौजूद था। तब मवेशी का मालिक हिमांशु वहां आया। ट्राले से मवेशी को उतारते हुए कहने लगा कि वह उसे नहीं ले जाने देगा। इस दौरान सोनू से हुज्जत की। बाद में धमकाकर वह अपना मवेशी ट्राले से उतार कर ले गया।

## मोटर निकालने की बात पर विवाद में फायरिंग

### 10 लोग घायल,दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

**उज्जैन,निप्र।** बड़नगर रोड पर जमीन से मोटर निकालने की बात पर हुए विवाद में सोमवार को दो पक्ष के बीच फायरिंग हो गई। जिसमें दोनों पक्षों के 10 लोग घायल हुए हैं। पहले लाठी डंडे के साथ एक दूसरे से भिड़े फिर एक युवक ने हवाई फायरिंग कर पिस्टल लहराई,जिसका वीडियो वायरल भी सामने आया है। इंगोरिया थानान्तर्गत ग्राम बलेडी में विवाद में घायल मलखान मोगिया ने पुलिस को बताया कि एक दिन पहले उसके मामा राजेश चिंघोड़िया खेत से पानी की मोटर निकालने गए थे। यहां गुर्जर समाज के लोगों ने मोटर निकालने की बात पर विवाद कर मारपीट की तो हमने पुलिस में शिकायत की थी। जिस पर मेहरबान गुर्जर,गोकुल गुर्जर,राधेश्याम जुझार ने घर आकर लाठियों से सभी को पीटा और पिस्टल से फायरिंग की। घटना में राजेश को गंभीर चोट आने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का वीडियो वायरल हुआ है,जिसमें कुछ लोग डंडे लेकर विवाद कर रहे हैं। इस बीच एक युवक हाथों में पिस्टल लेकर लहराता हुआ धमका रहा है। मामले में एसपी उज्जैन प्रदीप शर्मा ने बताया कि मोगिया समाज के लोगों का बोरिंग में से मोटर निकालने की बात पर गुर्जर समाज के लोगों से विवाद हुआ था,दोनों पक्षों पर प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले की जॉच कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## नगरीय निकायों के उपचुनाव के लिए शांतिपूर्ण हुए मतदान

**गुना, (निप्र)।** म.प्र राज्य निर्वाचन आयोग के निर्वाचन कार्यक्रम के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय अंतर्गत नगरपालिका गुना के वार्ड क्रमांक 10 में पार्षद पद के लिये चुनाव सम्पन्न हुआ। निर्वाचन कार्यालय प्राप्त जानकारी अनुसार नगरपालिका गुना के वार्ड क्रमांक-10 में प्रातः 07:00 बजे से 05:00 बजे तक पार्षद पद के लिए मतदान केन्द्र क्रमांक 45, 46, 47, 48 एवं मतदान केन्द्रन क्रमांक 49 में आज मतदान हुआ। जिसमें 1602 पुरुष एवं 1583 महिला मतदाताओं सहित कुल 3185 मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो 64.97 प्रतिशत रहा। आज हुये मतदान की मतगणना 12 दिसम्बर 2024 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में प्रातः 09:00 बजे से की जायेगी। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती जिया फातिमा द्वारा विभिन्न मतदान केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

### पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव ने संतश्री सियाराम बाबा के स्वास्थ्य हाल जाने

**खरगोन निप्र।** विगत कुछ दिनों से निमाड़ के महान संतश्री सियाराम बाबा का स्वास्थ्य ठीक नही है। सोमवार को पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव ने संत सियाराम बाबा के भट्याण आश्रम पहुँचकर उनके स्वास्थ्य के हालचाल जाने। इस दौरान उनका उपचार कर रहे चिकित्सा अधिकारियों से श्री यादव ने चर्चा भी की। संत सियाराम बाबा के मंगल दर्शन हेतु भट्याण आश्रम पहुँचे श्रद्धालुओं से श्री यादव ने कहा कि बाबाश्री के स्वास्थ्य में लगातार सुधार एवं प्रगति हो रही है। हम सभी माँ नर्मदा से प्रार्थना करते हैं कि वे शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें और उनका स्नेह आशीर्वाद हम सभी निमाड़ वासियों एवं प्रदेश वासियों पर सदैव बना रहे।

# 16 दिसंबर को कांग्रेस करेगी भोपाल में प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र हंगामेदार होने वाला है। 16 से 20 दिसंबर तक यह सत्र चलेगा। लेकिन हर किसी के मन में यह सवाल है कि क्या यह सत्र भी हंगामे के भेंट चढ़ेगा। क्योंकि मध्य प्रदेश विधानसभा के इतिहास में ऐसे कई सत्र हैं जो हंगामे से भरे रहे। तय समय से पहले ही सिमट गए। इस बार भी विपक्ष के तेवर कुछ इसी तरह के नजर आ रहे हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सत्र के पहले ही दिन विधानसभा के घेराव का ऐलान किया है। जिस पर सियासत गरमा गई है। विधानसभा सत्र के पहले दिन 16 दिसंबर को कांग्रेस भोपाल में बड़ा प्रदर्शन करने जा रही है। मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा**

भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में 1 साल पहले कहा था कि हम मोदी गारंटी देना चाहते हैं। एक भी गारंटी अभी तक पूरी नहीं हुए टोटल झूठ बोला गया। शिवराज जी झूठ दहेज में लेकर संसद चले गए और कृषि मंत्री बन गए। वहां रोज झूठ बोलते हैं। किसान परेशान हैं तो युवा बेरोजगार है। ऐसे में कांग्रेस 16 दिसंबर को इनसे हिसाब पूछेगी। वहीं जीतू पटवारी ने यह भी कहा जातिगत जनगणना मध्य प्रदेश और देश की आवश्यकता है। हम संकल्प लेंगे मध्यप्रदेश में जातिगत जनगणना हो।

**कांग्रेस मुद्दों पर बात नहीं करती-** वहीं बीजेपी ने कहा कांग्रेस मुद्दों पर बात नहीं करती है। यही वजह है कि कांग्रेस का जनाधार लगातार गिर रहा है। बीजेपी प्रवक्ता ने तंज कसते हुए कहा विधानसभा शुरू होने से पहले ही घेराव करेंगे। विधानसभा शुरू हो गई तो उसमें हुडदंग करेंगे। ये मुद्दों पर न चर्चा करते हैं और न होने देते हैं।

**विधानसभा सत्र के पहले अधूरे सत्र की आशंका-** मध्य प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र हंगामेदार होने वाला है। 16 से 20 दिसंबर तक यह सत्र चलेगा,लेकिन हर किसी के मन में यह सवाल है कि क्या यह सत्र भी हंगामे के भेंट चढ़ेगा। क्योंकि मध्य प्रदेश विधानसभा के इतिहास में ऐसे कई सत्र हैं जो हंगामे से भरे रहे और तय समय से पहले ही सिमट गए। इस बार भी विपक्ष के तेवर कुछ इसी तरह के नजर आ रहे हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सत्र के पहले ही दिन विधानसभा के घेराव का ऐलान किया है। जिस पर सियासत गरमा गई है। फिलहाल जो शीतकालीन सत्र चलने वाला है। उसमें वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा अनुपूरक बजट पेश कर सकते हैं।

बता दें साल 2023 में 1 से 15 जुलाई में 5 दिन का सत्र केवल ढाई घंटे चला था। वहीं 16 मार्च से 13 अप्रैल तक चलने वाला सत्र केवल 17 मिनट चला। जिसमें कमलनाथ सरकार गिर गई थी। इसके अतिरिक्त साल 2022 में 13 से 17 सितंबर के बीच 5 दिन का सत्र था। 3.44 घंटे चला था। वहीं साल 2021 में 9 से 12 अगस्त के बीच 4 दिन का सत्र था लेकिन चला केवल 2.12 घंटे। भले ही सत्र सही तरीके से ना चले लेकिन विधानसभा का बजट साल दर साल बढ़ता जा रहा है। साल 2018 से लेकर अभी तक के बजट की जब तुलना करेंगे तो पता चला कि एक दिन के सेशन पर 6.91 करोड़ रुपये खर्च होते हैं। साल 2018 से 2024 के बीच 155 दिन का सत्र था। जिसमें से केवल 94 दिन चला। बता दें सत्र के शुरू होने के दो दिन पहले से विधायकों को सत्र भत्ता 1500 रुपये मिलना शुरू हो जाता है। सरकारी विभाग के साथ-साथ पुलिस विभाग भी सुरक्षा में लग जाती है। भोजन से लेकर दूसरी सविधाओं पर खर्च होता है. गाड़ियां और यात्रा कूपन। विधानसभा के कर्मचारियों को एक माह का अतिरिक्त वेतन माननीयों के सवाल के जवाब यदि जिलों से बुलाए गए तो अतिरिक्त खर्च होता है।

## स्कूटी सहित मां-बेटी नहर में गिरी, मां को बचा लिया, 15 घंटे बाद मिली बेटी की लाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वाह निप्र।** खंडवा जिले की मोरटक्का थाना क्षेत्र की ओंकारेश्वर बांध परियोजना की नहर में रविवार को स्कूटी सहित ओंकारेश्वर निवासी मां-बेटी गिर गए थे। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने मां प्रमिलाबाई गोस्वामी को, तो बचा लिया था, लेकिन 21 वर्षीय बेटी भूमिका तेज बहाव के बीच नहर में ओझल हो गई। तब से ही गोताखोर लगातार भूमिका को ढूंढने का प्रयास कर रहे थे। करीब 15 घंटे बाद भूमिका का शव बड़वाह में एक्वाडक्ट पुल के नीचे मिला है। पूर्व सरपंच नावघाटखेड़ी अर्जुन केवट ने बताया कि सुबह 6 बजे उजाला होते ही गोताखोरों की टीम पुल के नीचे नाव लेकर गई, तो घटना स्थल से कुछ दूरी पर भूमिका का शव नजर आया। नहर में गिरने की घटनाएं बढ़ती जा रही है। नहरे नर्मदा घाटी विकास विभाग की है। ये विभाग मुख्यमंत्री के पास है। मुख्यमंत्री को घटनाओ के मद्देनजर तत्काल संज्ञान लेना चाहिए।

बड़वाह थाना प्रभारी बलरामसिंह राठौर ने बताया कि शव को लेकर तुरंत बड़वाह सिविल अस्पताल लाया गया। यहां शव का पीएम किया गया। उधर शव मिलने की जानकारी लगने पर परिजन और परिचित सहित पुलिस भी अस्पताल पहुंची। थाना प्रभारी राठौर ने बताया कि घटना खंडवा जिले के मोरटक्का क्षेत्र में हुई थी। नहर में शव बहते हुए बड़वाह थाना क्षेत्र में आया। शव का पीएम बड़वाह सिविल अस्पताल में करवाकर, परिजनों को सौंप दिया गया है।

भूमिका के भाई कुणाल ने बताया कि मां और बहन दोनों ओंकारेश्वर से बड़वाह जाने का बोलकर निकली थी। लेकिन हमे सूचना मिली की वह बड़वाह जाने वाले एक्वाडक्ट पुल के सामने की तरफ नहर में स्कूटी सहित गिर गई। मौके पर मौजूद करण ने बताया की चीखने-चिल्लाने की आवाज आने पर गया, तो नहर में दोनों डूब रहे थे। महिला को तो किसी तरह बचा लिया, लेकिन भूमिका बहाव में आगे निकल गई। इसके बाद वह नहीं दिखी। तब से ही लगातार पुलिस की मौजूदगी में भूमिका को ढूंढने का प्रयास परिजन कर रहे थे। इस घटना के बाद प्रमिला बाई बदहवास सी हो गई थी। वह लगातार रोए जा रही थी। परिजन उसे लगातार सांत्वना देने का प्रयास कर रहे थे।

अभी चार दिन पहले ही झिरनियां का एक व्यापारी नर्मदा घाटी विकास विभाग की नहर में कार सहित गिर गया था। इस हादसे में उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पिछले दो साल में इन नहरो में वाहन सहित गिरने की अनेक घटनाएं हो चुकी है।

## हिल स्टेशन पचमढ़ी में होगी मोहन कैबिनेट बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल,(निप्र)।** मोहन कैबिनेट की बैठक मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध हिलस्टेशन पचमढ़ी में होने वाली है। बताया जा रहा है कि नर्मदापुरम जिला प्रशासन ने कैबिनेट बैठक की तैयारियां शुरू कर दी हैं। हालांकि अब तक तारीख तय नहीं हो सकी है, लेकिन माना जा रहा है कि कैबिनेट की बैठक इसी महीने में ही होगी। जहां मोहन सरकार मंत्रियों के साथ सतपुड़ा की वादियों में बैठकर कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगा सकते हैं। खास बात यह है कि इससे पहले भी पचमढ़ी में कैबिनेट की बैठकें होती रही है, जबकि सरकारों के कई और इवेंट भी पचमढ़ी में होते रहे हैं। कैबिनेट की यह बैठक राजा भूभत सिंह की स्मृति में आयोजित की जानी है।

### इस बीच हो सकती है बैठक

बताया जा रहा है कि मोहन कैबिनेट की बैठक 11 से 26 दिसंबर के बीच हो सकती है, क्योंकि मोहन सरकार इसी बीच मुख्यमंत्री जन-कल्याण पर्व मना रही है। 11 दिसंबर को मोहन सरकार भोपाल में लाड़ली बहना योजना का पैसा भी ट्रांसफर करेगी। इसी दौरान किसी एक तारीख में पचमढ़ी में मोहन कैबिनेट की बैठक भी आयोजित की जा सकती है। 2018 और 2022 में भी मध्य प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक पचमढ़ी में हुई थी।

### केन्द्रीय मंत्री सिंधिया से की सीएम ने मुलाकात

## विजयपुर हार के बाद पहली मुलाकात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल,(निप्र)।** मध्यप्रदेश की बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीटों पर हाल ही में चुनाव हुए थे। जिसमें बीजेपी को विजयपुर में हार का सामना करना पड़ा था। जिस पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रचार न करने पर सवाल भी खड़े हो रहे थे। इस बीच दिल्ली दौरे पर गए सीएम डॉ.मोहन यादव ने सिंधिया से दिल्ली में केन्द्रीय से उनके बंगले पर मुलाकात की।

विजयपुर में बीजेपी प्रत्याशी रामनिवास रावत को हार का सामना करना पड़ा था। इस चुनाव में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया चुनाव प्रचार करने नहीं पहुंचे थे। इस बारे में उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा था कि मुझे बुलाया नहीं गया। इस पर विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा था कि सिंधिया स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल थे। प्रचार के लिए उनसे प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा और संगठन मंत्री ने भी आग्रह किया था। तब सीएम भी थे, लेकिन व्यस्तताओं के कारण सिंधिया ने मना कर दिया। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सीएम डॉ मोहन यादव से दिल्ली में उनके निवास पर मुलाकात की। विजयपुर उपचुनाव में हार के बाद दोनों की पहली मुलाकात थी। इस मुलाकात के पीछे सियासी गलियारों में कई तरह के कयास लगने शुरू हो गए हैं। ऐसे सुगबुगाहट है कि दोनों के बीच विजयपुर में हुए सियासी घटनाक्रम को लेकर चर्चा हुई है। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सीएम डॉ मोहन यादव ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया जी से नई दिल्ली स्थित उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर समसामयिक एवं मध्यप्रदेश के विकास संबंधित विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

## एक साल पूरा होने पर मोहन सरकार देगी 630 करोड़ की सौगात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल,(निप्र)।** मध्यप्रदेश के लोगों को 45 योजनाओं और 63 सेवाओं का लाभ तेजी से मिलेगा। सरकार ने रोडमैप बनाया है। 11 दिसंबर से शुरूआत होगी। नगरीय निकायों और पंचायत स्तर तक शिविर लगेंगे। सीएम हेल्पलाइन समेत ऑनलाइन पोर्टल का भी उपयोग किया जाएगा।

मध्यप्रदेश के लोगों को 45 योजनाओं और 63 सेवाओं का लाभ तेजी से मिलेगा। सरकार ने रोडमैप बनाया है। 11 दिसंबर से शुरूआत होगी। नगरीय निकायों और पंचायत स्तर तक शिविर लगेंगे। सीएम हेल्पलाइन समेत ऑनलाइन पोर्टल का भी उपयोग किया जाएगा। मोहन सरकार 13 दिसंबर को अपने कार्यकाल का एक साल पूरा कर रही है। सीएम ने मंत्रियों से चर्चा में तय किया कि उत्सव मनाने की बजाए जनकल्याण पर्व मनाएगी। इसके जरिए काम में तेजी लाएगी। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने इसे लेकर डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा व राजेंद्र शुक्ल, मंत्री, सांसद, विधायकों और मुख्य सचिव समेत जिला स्तर तक के अफसरों के साथ प्रत्यक्ष व वर्चुअली बैठक कर निर्देश दिए। उन्होंने कहा, युवा, नारी, किसान और गरीब को फोकस कर जनकल्याण के काम करें।

**13 दिसंबर को होगा मुख्य कार्यक्रम-** 13 दिसंबर को मुख्य कार्यक्रम भोपाल में आयोजित किया जाएगा। इसमें 630 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन होगा। राजधानी से लेकर जिला मुख्यालयों तक विकास कार्यों की प्रदर्शनी लगेगी। बाइक रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

# संपादकीय

## खत्म सी नजर आ रही है कांग्रेस

इंडिया गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों के नेताओं को अब अपने अस्तित्व का डर सताने लगा है। उनके मन में यह बात बैठती जा रही है कि राहुल गांधी लड़ नहीं पाते हैं। राहुल गांधी न तो पीएम नरेंद्र मोदी से लड़ पा रहे हैं और ना ही साये की तरह अपने साथ चलने वाले उन कांग्रेस नेताओं से लड़ पा रहे हैं जो उन्हें अनाप-शनाप सलाह देते रहते हैं। यह बात कुछ हद तक सही भी है। राहुल गांधी चाहकर भी अपने करीबी युवा नेता सचिन पायलट को राजस्थान का मुख्यमंत्री नहीं बना पाए। सर्वे रिपोर्ट के बावजूद राजस्थान विधानसभा चुनाव के समय अशोक गहलोत के करीबियों का टिकट नहीं काट पाए। वादा करने के बावजूद छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल को हटाकर टीएस सिंहदेव को मुख्यमंत्री नहीं बना पाए। मध्य प्रदेश में कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की जोड़ी से अपने सबसे करीबी नेता रहे ज्योतिरादित्य सिंधिया को बचा नहीं पाए। राहुल गांधी अशोक गहलोत से लेकर भूपेंद्र सिंह हुड्डा तक किसी भी क्षेत्रीय क्षत्रप से अपनी बात मनवा नहीं पाते हैं। जिस तरह से अड़ कर उन्होंने गांधी परिवार से अलग हटकर मल्लिकार्जुन खड़गे को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनवाया, उस तरह की जिद वह पार्टी के अन्य मामलों में कर नहीं पाते हैं। नतीजा यह है कि देश के कई राज्यों में आज सांगठनिक दृष्टि से कांग्रेस एक तरह से खत्म सी नजर आ रही है। उन्होंने जिन केसी वेणुगोपाल को राष्ट्रीय संगठन महासचिव बनाकर, संगठन बनाने की जिम्मेदारी दी है, वह जनाब संगठन बनाने से ज्यादा तवज्जों राहुल गांधी के साथ हमेशा घुमने को देते नजर आते हैं। सवाल यह खड़ा हो रहा है कि क्या राहुल गांधी इन बातों को समझ नहीं पा रहे हैं और अगर समझ रहे हैं तो फिर लड़ क्यों नहीं पा रहे हैं ? 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों द्वारा बनाया गया इंडिया गठबंधन अब बिखरता हुआ नजर आने लगा है। लोकसभा चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी की पार्टी भाजपा का रथ 240 पर रोकने से उत्साहित विपक्षी दल के नेता ही नहीं बल्कि उनके नेता और कार्यकर्ताओं तक को लगने लगा था कि यह सरकार अब पहले की तरह अड़ कर काम नहीं पाएगी। लेकिन हर गुजरते महीने के साथ ही विपक्षी नेताओं का यह भ्रम टूटता हुआ सा नजर आने लगा है। लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत दिलाकर राहुल गांधी ने अपने नेतृत्व को जिस अंदाज में स्थापित करने की शुरुआत की थी, वह विश्वास भी अब दरकता हुआ नजर आ रहा है। राहुल गांधी और कांग्रेस के नेतृत्व को अप्रत्यक्ष तरीके से स्वीकार कर लेने वाले अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे और तेजस्वी यादव जैसे नेताओं के विचार भी अब बदलते हुए नजर आने लगे हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद राहुल गांधी के नेतृत्व को लेकर जो स्वीकार्यता बढ़ती हुई नजर आने लगी थी, उसे हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों ने पूरी तरह से चकनाचूर कर दिया है। झारखंड में विपक्षी इंडिया गठबंधन को फिर से सरकार बनाने में कामयाबी तो मिल गई है लेकिन इसका पूरा श्रेय जेएमएम नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जा रहा है। लेकिन महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी गठबंधन को मिली हार का ठीकरा एक तरह से राहुल गांधी पर ही फोड़ा जा रहा है जबकि इस गठबंधन में महाराष्ट्र की राजनीति के दिग्गज नेता माने जाने वाले शरद पवार और बालासाहेब ठाकरे की विरासत पर दावा करने वाले उद्धव ठाकरे भी शामिल हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के सहयोगी जो बातें दबी जुबान में कह रहे थे, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद वही बातें खुल कर कहने लगे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी ने खुल कर इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने की अपनी इच्छा जाहिर कर दी है। इससे पहले उन्ही की पार्टी के सांसद कल्याण बनर्जी राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए यह कह चुके हैं कि कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है, कांग्रेस ने अपने परफॉर्मेंस से इंडिया गठबंधन को निराश कर दिया है। कल्याण बनर्जी तो यहां तक बोल गए कि कांग्रेस को अपना अहंकार त्याग कर ममता बनर्जी को अपना नेता मान लेना चाहिए।

**Health is Welth**

पुरुषों की तुलना में महिलाएं इस समस्या की शिकार अधिक होती हैं। यह स्थिति आमतौर पर व्यक्ति के पैरों या हाथों को प्रभावित करती है। जो लंबे समय तक ठंडे तापमान के संपर्क में रहने से होती है।

# सर्दियों में ठंड से क्यों सूज जाती हैं पैरों की उंगलियां?

## राहत देंगे ये टिप्स



**सर्दियों का मौसम भीषण गर्मी से तो राहत देता है लेकिन अपने साथ सेहत से जुड़ी कई तरह की समस्याएं भी साथ लेकर आता है। इस मौसम में लोगों को सबसे ज्यादा हाथ-पैरों की उंगलियों में ठंड लगने से सूजन, लालिमा और खुजली की शिकायत होने लगती है। इस समस्या को अंग्रेजी में पेर्नियो या चिल बर्न्स के नाम से भी जाना जाता है। दरअसल, चिलब्लेन्स, त्वचा पर होने वाली एक ऐसी समस्या है, जिसमें ठंडे तापमान के संपर्क में आने के बाद दर्दनाक, सूजन वाले लाल पैच बन जाते हैं। पुरुषों की तुलना में महिलाएं इस समस्या की शिकार अधिक होती हैं। यह स्थिति आमतौर पर व्यक्ति के पैरों या हाथों को प्रभावित करती है। जो लंबे समय तक ठंडे तापमान के संपर्क में रहने से होती है। अगर सर्दियों में आप भी इस तरह की समस्या से परेशान रहते हैं तो ये घरेलू नुस्खे आपको राहत दे सकते हैं।**

### चिलब्लेन्स के लक्षण

- स्किन में सूजन
- त्वचा में बर्निंग सेंसेशन
- दर्द के साथ त्वचा का रंग लाल से डार्क ब्लू हो जाना
- पैरों और हाथों की त्वचा पर छोटे और लाल खुजली वाले पैचेज

### चिलब्लेन्स के कारण

- ठंडे मौसम में ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होने से त्वचा संवेदनशील हो जाती है। जिससे चिलब्लेन की समस्या हो सकती है।
- सर्दियों में टाइट कपड़े या जूते पहनने से भी चिलब्लेन की समस्या हो सकती है।
- जिन लोगों का वजन कम होता है, उनमें भी चिलब्लेन होने का जोखिम अधिक रहता है।
- ठंडी हवा के संपर्क में ज्यादा रहने से भी चिलब्लेन होने का जोखिम अधिक बना रहता है।

## चिलब्लेन्स से राहत देंगे ये उपाय

### गर्म मोजे

सर्दियों में पैरों को गर्म रखने के लिए वूलन मोजे पहनें। ऊनी मोजे ना सिर्फ पैरों को गर्म रखते हैं बल्कि पसीना सोखने में भी मदद करते हैं। इसके अलावा ठंड में पहनने के लिए सही जूतों का इस्तेमाल करें। जूतों की फिटिंग सही ना होने पर पैरों में खून का संचार प्रभावित हो सकता है, जिससे सूजन और खुजली की समस्या हो सकती है।

### नमक के पानी से सिंकाई

गर्म पानी में थोड़ा सा नमक डालकर उससे अपने हाथ और पैरों की सिंकाई करें।

### गर्म तेल

कैलामाइन लोशन या गर्म तेल लगाने से खुजली और सूजन से राहत मिल सकती है।

खुजली करने के लिए नाखून की जगह कपड़े का यूज करें। यदि खुजली की समस्या हो रही है तो आप नाखून की जगह कपड़े का इस्तेमाल करें। पैच वाली जगह को हल्के हल्के सहलाएं। खुजलाने से इन्फेक्शन और ज्यादा गंभीर हो सकता है। ऐसे में खुजली से राहत पाने के लिए क्रीम या तेल की मदद लें।

### डॉक्टर से संपर्क

समस्या बढ़ने पर आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

Maharashtra

# BJP एमएलसी के अंकल को एसयूवी में उठाकर ले गए बदमाश, पुणे में थोड़ी देर बाद मिली लाश

**पुणे। महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं विधान परिषद सदस्य योगेश तिलेकर के एक रिश्तेदार का सोमवार को पुणे में अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर अपहरण करने के बाद उनकी हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। खास बात है कि यह घटना ऐसे समय पर हुई है, जब हाल ही में राज्य में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए हैं।**

तिलेकर के रिश्तेदार सतीश वाघ (55) को पुणे शहर के हडपसर इलाके में शेवालवाडी चौक के पास चार से पांच लोगों ने तब एक एसयूवी में डाल लिया, जब वह सुबह की सैर पर निकले थे। इसके बाद पुलिस ने वाघ



को ढूंढने के लिए कई टीमें गठित कीं।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनोज पाटिल ने बताया कि वाघ का शव पुणे जिले में पुणे-सोलापुर राजमार्ग पर यवत के पास मिला, जो उनके अपहरण स्थल से लगभग 40 किलोमीटर दूर है।

पाटिल ने कहा, 'उसके शरीर पर कई चोटें थीं। कई टीम आरोपियों को पकड़ने की कोशिश कर रही हैं। शव का पंचनामा करने के लिए एक टीम मौके पर भेज दी गई है।'

इससे पहले दिन में पुलिस के एक अधिकारी ने कहा था कि तिलेकर के परिवार से फिरौती के लिए कोई कॉल नहीं आई है और ना ही परिवार ने किसी पर संदेह जताया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वाघ को खेती में रुचि थी और शेवालवाडी के पास उनका एक होटल भी है।

Haryana

## पिता की काटी थी गर्दन, मां का गला दबाया, पत्नी को दिया जहर और फिर खाई सल्फास...

### कुरुक्षेत्र फैमिली मर्डर में नया मोड

**कुरुक्षेत्र, (एजेंसी)** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में बीते दिनों एक ही परिवार के चार लोगों का शव घर में मिला था. पहले कहा गया कि इनकी किसी ने हत्या कर दी है, हालांकि अब पुलिस ने बताया कि 40 वर्षीय शख्स ने पहले पिता की गला काटकर हत्या कर दी थी, उसके पिता मां का गला दबा दिया. पत्नी को खाने में जहर दे दिया और आखिर में खुद ने सल्फास खा लिया. मृतक शख्स ने अपने बेटे पर भी हमला किया था, लेकिन वो बच गया.

कुरुक्षेत्र के एसपी वरुण सिंगला ने बताया कि मृतक दुष्यंत सिंह (40) द्वारा लिखा गया एक कथित सुसाइड नोट बरामद किया गया है. हालांकि उसने तीन लोगों की हत्या के बाद सुसाइड क्यों किया, इसका पता लगाने की जांच की जा रही है.

न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, शुरुआती जांच में सामने आया है कि दुष्यंत आर्थिक विवाद में फंसा हुआ था. पुलिस को शक है कि दुष्यंत ने अपनी पत्नी अमनदीप कौर को जहर दिया और अपने पिता नायब सिंह की गला काटकर हत्या कर दी. उसने अपनी मां अमृत कौर की गला दबाकर हत्या कर दी और खुद जहर खाने से पहले अपने बेटे केशव सिंह (13) का भी गला घोंटने की कोशिश की.

अधिकारी ने बताया कि 13 साल का लड़का बेहोशी के हालत में मिला था, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने कहा कि जब नायब सिंह का एक रिश्तेदार रविवार सुबह उनके घर गया तो उसने घर अंदर से बंद पाया. कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर उसने दरवाजा तोड़ दिया. पुलिस ने कहा कि उसने नायब सिंह और अमृत कौर को खून से लथपथ पाया. वे घर के ग्राउंड फ्लोर पर अपने कमरे में एक बिस्तर पर लेटे हुए थे. जबकि दुष्यंत सिंह फर्स्ट फ्लोर पर, उनकी पत्नी और बेटा गंभीर हालत में मिले थे.

Uttarpradesh

## संभल हिंसा में पुलिस को बड़ी सफलता, सपा सांसद के मुहल्ले में दबिश में तमंचे और गोलियां बरामद

**संभल**। संभल में शाही जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद पुलिस की कार्रवाई अब भी जारी है। एसपी के नेतृत्व में सोमवार को पुलिस बल ने सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के मोहल्ले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 13 संदिग्धों व हिस्ट्रीशीटरों के घर में सर्च अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस के साथ ही 93 पुड़िया स्मैक बरामद की है। इसके अलावा दीपा सराय के बल्ले की पुलिया पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने चार वाहनों को सीज करते हुए 30 बाइकों को भी सीज किया है। पुलिस ने एक महिला समेत कुछ लोगों को पूछताछ के लिए उठाया है। शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान 24 नवंबर को हुई हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी। जिसमें 29 पुलिस कर्मचारी व अधिकारी घायल हो गए। पुलिस इस मामले में अब तक 39 बवालियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस 400 से अधिक उपद्रवियों को चिन्हित करके अब तक 83 की पहचान भी कर चुकी है। अब इनकी धरपकड़ के लिए पुलिस तेजी कर रही है। इसी

Maharashtra

## मुंबई बस हादसा: एक दिसंबर को ही ड्राइवर ने ज्वॉइन की थी नौकरी, पुलिस ने अरेस्ट कर लगाया गैर इरादतन हत्या का आरोप

**मुंबई**। मुंबई के कुर्ला इलाके में सोमवार रात BEST की एक तेज रफ्तार बस ने बेकाबू होकर कई गाड़ियों को टक्कर मार दी. इस बस के ड्राइवर संजय मोरे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ कुर्ला पुलिस स्टेशन में गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया. बीएनसी की धारा 105, 110, 118(1) और 118 (2) धाराओं में मामला दर्ज किया गया है.

इसके साथ ही आरोपी ड्राइवर की मेडिकल जांच कराई गई है. इसके साथ ही जांच की जाएगी कि उसके खून में शराब की मात्रा है या नहीं. लेकिन पुलिस का कहना है कि वह शराब के नशे में नहीं था. आरोपी ड्राइवर को आज दोपहर दो बजे कोर्ट में पेश किया जाएगा. वहीं, BEST की



तकनीकी टीम बस की खराबी की जांच करेगी. यह भी पता चला है कि संजय मोरे ने एक दिसंबर को ही ड्राइवर के तौर पर बेस्ट की नौकरी ज्वॉइन की थी. बता दें कि सोमवार रात करीब पौने 10 बजे BEST की 332 नंबर की बस ने बेकाबू होकर कई गाड़ियों को टक्कर मार दी थी.

खेल

## लिरेन ने 12वें दौर में की वापसी, गुकेश को हराकर स्कोर फिर बराबर किया, अब दो बाजी शेष

**सिंगापुर**। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश अपनी जीत की लय को बरकरार नहीं रख सके और उन्हें गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 12वें दौर में हार का सामना करना पड़ा। गुकेश की हार से एक बार फिर दोनों खिलाड़ियों के बीज स्कोर बराबर हो गया है और फिलहाल दोनों 6-6 अंक की बराबरी पर हैं। 18 वर्षीय गुकेश ने रविवार को 11वें दौर में जीत दर्ज कर एक अंक की बढ़त हासिल की थी, लेकिन लिरेन वापसी करने में सफल रहे।

### चैंपियन बनने से 1.5 अंक दूर गुकेश-लिरेन

गुकेश और लिरेन के बीच लगातार सात ड्रॉ के बाद 11वें दौर में नतीजा निकला था, लेकिन लिरेन ने सोमवार को पूरा जोर लगाया और भारतीय ग्रैंडमास्टर के खिलाफ बढ़त लेने में सफल रहे। गुकेश और लिरेन के बीच 14 दौर के क्लासिकल प्रारूप



का अब दो दौर का मुकाबला शेष है। दोनों ही खिलाड़ी खिताब जीतने से अब 1.5 अंक दूर हैं। अगर 14 दौर समाप्त होने के बाद मुकाबला ड्रॉ रहा तो विजेता का फैसला फास्टर टाइम कंट्रोल के जरिये होगा।

गुकेश और लिरेन के बीच अगले दो मुकाबले बुधवार और गुरुवार को खेले जाएंगे, जबकि मंगलवार को आराम दिया जाएगा। लिरेन ने इस मैच की शुरुआती बाजी को अपने नाम किया था, जबकि गुकेश तीसरी बाजी के विजेता बने थे। इसके आठ मुकाबले बराबरी पर छूटे।

**गुकेश टक्कर नहीं दे पाए-** यह बाजी पिछली विश्व चैंपियनशिप का दोहराव थी। बीते वर्ष रूस के इयन नेपोमनियाच्ची के खिलाफ लिरेन 11वीं बाजी में यहां की तरह पिछड़े हुए थे। उन्होंने उस दौरान भी 12वीं बाजी में जीत हासिल की और यहां भी वह गुकेश को हराकर मुकाबला बराबरी पर ले आए। पूरे टूर्नामेंट में यह ऐसी बाजी रही, जिसमें गुकेश ने पूरी तरह आत्मसमर्पण किया। लिरेन के खेल के आगे पूरी बाजी में उन्हें कोई मौका नहीं मिला। चीनी प्रतिद्वंद्वी ने हैरानीजनक तरीके से इंग्लिश ओपनिंग अपनाई, जिसका गुकेश ने जवाब रिवर्स बेनोनी रक्षण से दिया। लिरेन पहले भी इस टूर्नामेंट में इंग्लिश ओपनिंग का सहारा ले चुके हैं। लिरेन ने जीत के बाद कहा भी कि पूरे मैच में उन्होंने गुकेश पर दबाव बनाकर रखा, आज मैंने कोई गलती नहीं की।

### दो गलतियां पड़ीं भारी

गुकेश ने मध्य खेल में लिरेन पर जवाबी हमले की चालें नहीं चलीं। गुकेश ने 17वीं और 22वीं चाल में भारी गलती की, जिससे लिरेन का पलड़ा भारी हो गया। 27वीं चालके बाद यह तय हो गया कि मुकाबले को लिरेन ही जीतेंगे। 39वीं चाल के बाद गुकेश ने मुकाबला छोड़ दिया। गुकेश की उम्मीदें अब 13वीं बाजी पर टिकी हैं। यहां वह सफेद मोहरों से लिरेन पर किस तरह दबाव बनाते हैं, यह महत्वपूर्ण रहेगा।

सिनेमा

## 'रामायण' में होंगे सनी देओल, कन्फर्म कर बोले- लंबा प्रोजेक्ट है



बॉलीवुड एक्टर सनी देओल नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बन रही रामायण फिल्म में हनुमान का किरदार निभाएंगे. अब तक इस खबर की सिर्फ चर्चा थी लेकिन अब इसे सनी देओल ने कन्फर्म कर दिया है. हालांकि उन्होंने ये तो नहीं कहा कि हनुमान का ही किरदार निभाएंगे लेकिन ये जरूर कहा कि वो इस फिल्म का हिस्सा हैं. पहली बार उन्होंने अपने किरदार को लेकर बात की. सनी ने बताया कि मेकर्स की फिल्म को लेकर क्या प्लानिंग है. सनी ने कन्फर्मेशन देते हुए कहा कि ये एक लंबा प्रोजेक्ट है, जिसे अवतार की तरह बनाने की कोशिश की जा रही है.


सनी देओल का रामायण फिल्म का हिस्सा होना फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है. सनी भगवान हनुमान का किरदार निभाते दिखेंगे, ये खबर उनके चाहने वालों का एक्साइटमेंट लेवल हाई कर रही है. इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में सनी ने फिल्म की पूरी प्लानिंग पर बात की.

सनी ने कहा- रामायण एक लंबा प्रोजेक्ट है क्योंकि वे इसे 'अवतार' और 'प्लेनेट ऑफ द एप्स' फिल्मों की तरह बनाने की कोशिश कर रहे हैं. वे सभी तकनीशियन इसका हिस्सा हैं. लेखक और निर्देशक इस बारे में बहुत क्लियर हैं कि इसे किस तरह से बनाया जाना चाहिए और किरदारों को कैसे प्रेजेंट किया जाना चाहिए.

## Highlights

1. Delhi's air quality remains 'poor', layer of smog covers city
2. Trump picks Chandigarh-born lawyer Harmeet for key Justice Department post
3. Sonu Nigam calls out Raj CM for leaving his show mid-way, says 'Disrespect to Maa Saraswati'
4. Video shows men posing as ED officials raiding Guj jeweller's home
5. Mohan Babu files complaint against son Manchu Manoj and daughter-in-law, seeks protection

# In Shaktikanta Das' farewell message, a 'big thank you' to 'Team RBI'



**NEW DEIHI, (Agency).** Shaktikanta Das, the outgoing governor of the Reserve Bank of India (RBI), thanked 'Team RBI' in his farewell message ahead of formally demitting office on Tuesday.

Shaktikanta Das posted on X, "A BIG thank you to the entire Team RBI. Together, we successfully navigated an exceptionally difficult period of unprecedented global shocks. May the RBI grow even taller as an institution of trust and credibility. My best wishes to each one of you."

The former bureaucrat also thanked stakeholders of the financial sector and the economy. He also extended his 'heartful thanks' to finance minister Nirmala Sitharaman, noting that under her, the fiscal-monetary coordination was "at its best and helped us to deal with multiple challenges during the last six years".

Das was "immensely grateful" to Prime Minister Narendra Modi for the "opportunity to serve the country" as RBI chair, and for the prime minister's "guidance and encouragement".

"Benefited a lot from his (PM's) ideas and thoughts," he added.

In December 2018, Das was the government's surprise pick as the leader of the central bank. He succeeded Urjit Patel.

In 2021, the government gave Das an extension of three years. There were reports last month of a second extension for Das. The extension would have made him the longest-serving head of the Reserve Bank in nearly 70 years.

The 67-year-old, who hails from Odisha's capital Bhubaneswar, is a retired 1980-batch Indian Administrative Service (IAS) officer of the Tamil Nadu cadre. During his career, he served in various capacities for the Union and Tamil Nadu governments. With the Centre, he served as Economic Affairs Secretary, Revenue Secretary and Fertilizers Secretary at various stages.

# OpenAI launches Sora Turbo, text-to-video AI model. Check features, pricing details

**NEW DEIHI, (Agency).** Sam Altman-led OpenAI, the San Francsico-based creator of ChatGPT, has launched Sora Turbo, a new and faster version of Sora, the company's text-to-video artificial intelligence (AI) model which it previewed in February.

OpenAI has developed new interfaces to make it easier for users to prompt Sora Turbo with text, images and videos. People will be able to generate videos up to 1080p resolution and with a maximum duration of 20 seconds.

The 'Remix' feature will allow you to replace, remove, or re-imagine elements in your clips, while the 'Re-cut' option will let you find and isolate the best frames, and extend them in either direction to complete a scene.

On the other hand, with the 'Storyboard' feature, people can organise and edit unique sequences from their videos on a personal timeline. 'Loop' trims down and creates clips which repeat seamlessly.

'Blend' combines two videos into a single, seamless clip, while 'Presets' allows users to create and share styles to capture imagination.

'Featured' and 'Recent' feeds showcase a constantly updated stream of creations from the Sora community.

How to access Sora Turbo?

For this, one must subscribe to ChatGPT's Plus or Pro account. While Plus is priced at $20 (approx. ₹1,700) a month, Pro comes at a monthly cost of $200 (approx. ₹17,000).

श्रीहरि
www.shreehari.org

"ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक मार्गदर्शन"
"एक सलाहकार-एक शुभचिंतक"

www.babapandit.com

...हो सकता है मेरी एक सलाह आपकी समस्या/पीड़ा के समाधान में सहायक सिद्ध हो...

Pls visit and submit your query*
www.babapandit.com
🙏 "बाबापण्डित" 🙏
अनुष्ठानकर्ता-हरिकथा प्रेमी
www.babapandit.com

Pls Call for Appointment
7869526724 / 9303183100

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक